कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- **15.03.2023**

थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी गयी मोटरसाइकिल बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध/अपराधियों के रोकथाम व वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनियां के कुशल निर्देशन में मुखबिर की सूचना पर थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 67/2023 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गणेश यादव पुत्र स्व0 उमाकान्त यादव निवासी नारी पचदेवरा थाना करन्डा जनपद गाजीपुर को डोम बस्ती रेलवे लाईन किनारे स्थित तालाब के पास से आज दिनांक 15.03.23 को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में चोरी गयी हीरो स्प्लेन्डर प्लस मोटरसाईकिल रजि0 नं0 UP62 BA8541 को बरामद कर लिया गया। उक्त गिरफ्तार व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ विवरण अभियुक्त- पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया कि मैं प्राईवेट सुरक्षा एजेन्सी में बतौर गार्ड नौकरी करता हूँ मुझे शराब पीने की लत है जब मुझे शराब पीने के लिए पैसा नहीं रहता है तो मै मोटर साईकिल आदि की चुरा कर उसको औने - पौने दाम पर बेचकर अपने शराब पीने की शौक को पूरा करता हूँ। जिस मोटरसाइकिल के साथ मैं पकड़ा गया हूँ, उसको मैने दिनांक 13/03/2023 को मण्डुवाडीह स्थित प्राईवेट सुरक्षा एजेन्सी के आफिस जो अमित कुमार यादव के मकान में संचालित होती हैं उसके सामने से चुराया था, मैने पकड़े जाने के डर से इसका नम्बर प्लेट खोल कर फेंक दिया था तथा मैं इसे बेचने हेतु आज ग्राहक की तलाश में डोम बस्ती/ रेलवे स्टेशन पर आया था कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

गणेश यादव पुत्र स्व0 उमाकान्त यादव निवासी नारी पचदेवरा थाना करन्डा जनपद गाजीपुर उम्र करीब 42 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

चोरी गयी हीरो स्प्लेन्डर प्लस मोटरसाइकिल रजि0 नं0 UP62 BA8541 चेसिस नं0 MBLHA10CGGHM03756 व इंजन नं0 HA10ERGHM04245 बरामद।

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0 67/2023 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 विजय प्रकाश यादव थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

2- हे0का0 शक्ति सिंह यादव थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

3- का0 आनन्द कुमार थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी